**NEWS CLIPPING: 29.12.2020**

## PUNJAB KESARI

# कुलपति ने किया 'स्टार्ट-अप्स फॉर न्यू इंडिया' पुस्तक का विमोचन

फरीदाबाद, 28 दिसम्बर (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने 'स्टार्ट-अप्स फॉर न्यू इंडिया' नामक एक पुस्तक का विमोचन किया, जिसे स्टार्ट-अप पर शोध कर रहे शोधार्थी मोहन कुमार द्वारा लिखा गया है। कुल 82 पृष्ठों की पुस्तक में प्रौद्योगिकी पर आधारित 10 अभिनव स्टार्ट-अप के बारे में जानकारी दी गई है जोकि भविष्य के स्टार्ट-अप बन सकते हैं। स्टार्ट-अप्स को लेकर पुस्तक लिखने के लिए मोहन कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्टार्ट-अप इंडिया भारत सरकार की प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है, जिसका उद्देश्य युवाओं में उद्यमशीलता की भावना पैदा करना और एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है जोकि युवाओं को उद्यमशील बनने के लिए तैयार करे। इसी मिशन के अंतर्गत जेसी बोस विश्वविद्यालय



*पुस्तक का विमोचन करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य।*

ने विद्यार्थियों की स्टार्ट-अप को लेकर अभिनव विचारों का समर्थन करने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपनी स्टार्ट-अप नीति लागू की है और विश्वविद्यालय में टेक्नोलॉजी बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की है। मोहन कुमार जोकि वित्त एवं कराधान में 15 वर्षों से अधिक का कॉर्पोरेट अनुभव रखते है, ने बताया कि यह पुस्तक स्टार्ट-अप की शुरूआत करने के इच्छुक युवाओं को अपने स्टार्ट-अप सही दिशा देने तथा इससे संबंधित चुनौतियों से अवगत करवाने में मदद करेगी।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Tue,29 December 2020
Edition: faridabad kesari, Pa

**NEWS CLIPPING: 29.12.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जेसी बोस विवि ने 2021 का कैलेंडर किया जारी



**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने वर्ष 2021 के विश्वविद्यालय कैलेंडर और टेबल कैलेंडर का विमोचन किया। इस बार विश्वविद्यालय द्वारा डिजिटलीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए सीमित संख्या में कैलेंडर प्रकाशन का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष विश्वविद्यालय कैलेंडर में भारतीय उपमहाद्वीप में आधुनिक विज्ञान के जनक माने जाने वाले जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा को प्रमुख स्थान दिया गया है। जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा को विज्ञान के लिए उनके योगदान के शिलालेख के साथ विश्वविद्यालय में कुलपति सचिवालय के सामने स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में जगदीश चंद्र बोस की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2018 में इस महान वैज्ञानिक के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा गया था। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने वर्ष 2020 की समाप्ति तथा नये वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं है। कुलपति ने कहा कि वर्ष 2021 विश्वविद्यालय के विकास की दृष्टि सेएक महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार द्वारा फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर गांव भकारी में आवंटित की गई 18 एकड़ से अधिक भूमि पर जल्द ही विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर की आधारशिला रखी जायेगी। इसके अलावा, आगामी वर्ष में विश्वविद्यालय ने नैक मान्यता तथा एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए भी अपने लक्ष्य निर्धारित किये है। उन्होंने विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी संकाय सदस्यों और कर्मचारियों से योगदान देने का आग्रह किया है।


पंजाब केसरी Tue, 29 December 2020
mpaper.punjabkesari.com/c/57361210

**NEWS CLIPPING: 29.12.2020**

## PUNJAB KESARI

# कुलपति ने किया 'स्टार्ट-अप्स फॉर न्यू इंडिया' पुस्तक का विमोचन



**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने 'स्टार्ट-अप्स फॉर न्यू इंडिया' नामक एक पुस्तक का विमोचन किया, जिसे स्टार्ट-अप पर शोध कर रहे शोधार्थी मोहन कुमार द्वारा लिखा गया है। कुल 82 पृष्ठों की पुस्तक में प्रौद्योगिकी पर आधारित 10 अभिनव स्टार्ट-अप के बारे में जानकारी दी गई है जोकि भविष्य के स्टार्ट-अप बन सकते हैं। स्टार्ट-अप्स को लेकर पुस्तक लिखने के लिए मोहन कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्टार्ट-अप इंडिया भारत सरकार की प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है, जिसका उद्देश्य युवाओं में उद्यमशीलता की भावना पैदा करना और एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है जोकि युवाओं को उद्यमशील बनने के लिए तैयार करे।

इसी मिशन के अंतर्गत जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की स्टार्ट-अप को लेकर अभिनव विचारों का समर्थन करने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपनी स्टार्ट-अप नीति लागू की है और विश्वविद्यालय में टेक्नोलॉजी बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की है। मोहन कुमार जोकि वित्त एवं कराधान में 15 वर्षों से अधिक का कॉर्पोरेट अनुभव रखते हैं, ने बताया कि यह पुस्तक स्टार्ट-अप की शुरूआत करने के इच्छुक युवाओं को अपने स्टार्ट-अप सही दिशा देने तथा इससे संबंधित चुनौतियों से अवगत करवाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि एक अच्छे इनोवेटिव आइडिया का कोई औचित्य नहीं, यदि इसे संबंधित क्षेत्र के सही व्यक्ति तक न पहुंचे।

मोहन कुमार की यह दूसरी पुस्तक है क्योंकि पहले उन्होंने मार्केटिंग पर एक किताब लिखी है। उनके अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं में कई शोध पत्र भी प्रकाशित हैं। इस अवसर पर प्लेसमेंट एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट मामलों डीन प्रो. विक्रम सिंह, इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री संजीव शर्मा, बालाजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के निदेशक श्री जगदीश चैधरी और श्री राकेश त्यागी भी उपस्थित थे।


पंजाब केसरी Tue, 29 December 2020
mpaper.punjabkesari.com/c/5

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 29.12.2020**

## SATYAJAY TIMES

# कुलपति ने किया स्टार्ट-अप्स फॉर न्यू इंडिया पुस्तक का विमोचन

**बल्लभगढ़, 28 दिसंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने ह्यस्टार्ट-अप्स फॉर न्यू इंडियाह्न नामक एक पुस्तक का विमोचन किया, जिसे स्टार्ट-अप पर शोध कर रहे शोधार्थी मोहन कुमार द्वारा लिखा गया है। कुल 82 पृष्ठों की पुस्तक में प्रौद्योगिकी पर आधारित 10 अभिनव स्टार्ट-अप के बारे में जानकारी दी गई है जोकि भविष्य के स्टार्ट-अप बन सकते हैं।


पुस्तक का विमोचन करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। छाया : सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

स्टार्ट-अप्स को लेकर पुस्तक लिखने के लिए मोहन कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्टार्ट-अप इंडिया भारत सरकार की प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है, जिसका उद्देश्य युवाओं में उद्यमशीलता की भावना पैदा करना और एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है जोकि युवाओं को उद्यमशील बनने के लिए तैयार करे। इसी मिशन के अंतर्गत जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की स्टार्ट-अप को लेकर अभिनव विचारों का समर्थन करने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपनी स्टार्ट-अप नीति लागू की है और विश्वविद्यालय में टेक्नोलॉजी बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की है। मोहन कुमार जोकि वित्त एवं कराधान में 15 वर्षों से अधिक का कॉर्पोरेट अनुभव रखते है, ने बताया कि यह पुस्तक स्टार्ट-अप की शुरूआत करने के इच्छुक युवाओं को अपने स्टार्ट-अप सही दिशा देने तथा इससे संबंधित चुनौतियों से अवगत करवाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि एक अच्छे इनोवेटिव आइडिया का कोई औचित्य नहीं, यदि इसे संबंधित क्षेत्र के सही व्यक्ति तक न पहुंचे।

मोहन कुमार की यह दूसरी पुस्तक है क्योंकि पहले उन्होंने मार्केटिंग पर एक किताब लिखी है। उनके अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं में कई शोध पत्र भी प्रकाशित हैं। इस अवसर पर प्लेसमेंट एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट मामलों डीन प्रो. विक्रम सिंह, इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड के महाप्रबंधक संजीव शर्मा, बालाजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के निदेशक जगदीश चौधरी और राकेश त्यागी भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 29.12.2020**

**SATYAJAY TIMES**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने वर्ष 2021 का कैलेंडर किया जारी

**बल्लभगढ़, 28 दिसंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने वर्ष 2021 के विश्वविद्यालय कैलेंडर और टेबल कैलेंडर का विमोचन किया।

इस बार विश्वविद्यालय द्वारा डिजिटलीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए सीमित संख्या में कैलेंडर प्रकाशन का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष विश्वविद्यालय कैलेंडर में भारतीय उपमहाद्वीप में आधुनिक विज्ञान के जनक माने जाने वाले जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा को प्रमुख स्थान दिया गया है। जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा को विज्ञान के लिए उनके योगदान के शिलालेख के साथ विश्वविद्यालय में कुलपति सचिवालय के सामने स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में जगदीश चंद्र बोस की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2018 में इस महान वैज्ञानिक के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा गया था। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने वर्ष 2020 की समाप्ति तथा नये वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं है। कुलपति ने कहा कि वर्ष 2021 विश्वविद्यालय के विकास की दृष्टि सेएक महत्वपूर्ण है।



विश्वविद्यालय के कैलेंडर का विमोचन करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

छाया : सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

राज्य सरकार द्वारा फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर गांव भकारी में आवंटित की गई 18 एकड़ से अधिक भूमि पर जल्द ही विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर की आधारशिला रखी जायेगी। इसके अलावा, आगामी वर्ष में विश्वविद्यालय ने नैक मान्यता तथा एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए भी अपने लक्ष्य निर्धारित किये है। उन्होंने विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी संकाय सदस्यों और कर्मचारियों से योगदान देने का आग्रह किया है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया तथा लिबरल आर्ट्स एवं मीडिया स्टडीज विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 29.12.2020**

## HADOTI ADHIKAR

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने वर्ष 2021 का कैलेंडर जारी किया

## कैलेंडर में जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा को दिया प्रमुख स्थान

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 28 दिसम्बर। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने वर्ष 2021 के विश्वविद्यालय कैलेंडर और टेबल कैलेंडर का विमोचन किया। इस बार विश्वविद्यालय द्वारा डिजिटलीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए सीमित संख्या में कैलेंडर प्रकाशन का निर्णय लिया गया है।



इस वर्ष विश्वविद्यालय कैलेंडर में भारतीय उपमहाद्वीप में आधुनिक विज्ञान के जनक माने जाने वाले जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा को प्रमुख स्थान दिया गया है। जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा को विज्ञान के लिए उनके योगदान के शिलालेख के साथ विश्वविद्यालय में कुलपति सचिवालय के सामने स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में जगदीश चंद्र बोस की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2018 में इस महान वैज्ञानिक के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा गया था।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने वर्ष 2020 की समाप्ति तथा नये वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं है। कुलपति ने कहा कि वर्ष 2021 विश्वविद्यालय के विकास की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार द्वारा फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर गांव भांखरी में आवंटित की गई 18 एकड़ से अधिक भूमि पर जल्द ही विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर की आधारशिला रखी जायेगी। इसके अलावा आगामी वर्ष में विश्वविद्यालय ने नैक मान्यता तथा एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए भी अपने लक्ष्य निर्धारित किये है। उन्होंने विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी संकाय सदस्यों और कर्मचारियों से योगदान देने का आग्रह किया है।

**NEWS CLIPPING: 29.12.2020**

## THE TRIBUNE

## BOOK ON START-UPS RELEASED

**Faridabad:** Prof Dinesh Kumar, Vice Chancellor, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, released a book titled 'Start-ups for New India' authored by Mohan Kumar, a research scholar. The 82-page book has captured technology-based 10 ideas that could take future start-ups to new heights. The author, who has more than 15 years of corporate experience in finance and taxation, said the book would help beginners shape up their start-up ideas and make them aware of issues and challenges. Meanwhile, the university has also come up with its dedicated start-up policy and set up a technology business incubation centre on the campus to support and promote students' innovating ideas.

The Tribune Tue, 29 December 2020 https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 29.12.2020**

## THE TRIBUNE

# VC RELEASES CALENDAR FOR 2021

**Faridabad:** Prof Dinesh Kumar, Vice Chancellor, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, released the university and table calendars for 2021. The university calendar showcases the bust of Jagadish Chandra Bose, known as the father of modern science in the Indian subcontinent. The brass metal bust of Bose with the inscription of his scientific contribution has been installed in front of the VC's Secretariat. The university was named after the scientist in 2018. The VC said 2021 was an important year for the university in terms of development. The university had recently been allotted land at Bhakri village on Faridabad-Gurugram road for expansion. The foundation stone of the second campus would be laid soon, he said.

The Tribune Tue, 29 December 2020
https://epaper.tribun

**NEWS CLIPPING: 29.12.2020**

## AMAR UJALA

# स्टार्ट-अप्स फॉर न्यू इंडिया पुस्तक का विमोचन



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने 'स्टार्ट-अप्स फॉर न्यू इंडिया' नामक एक पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक को स्टार्ट-अप पर शोध कर रहे शोधार्थी मोहन कुमार द्वारा लिखा गया है। मोहन कुमार ने बताया कि स्टार्ट-अप सही दिशा देने और इससे संबंधित चुनौतियों से अवगत करवाने में मदद करेगी। ब्यूरो

**जेसी बोस विवि ने कैलेंडर जारी किया :** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने वर्ष 2021 के विश्वविद्यालय कैलेंडर और टेबल कैलेंडर का विमोचन किया।

**NEWS CLIPPING: 29.12.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# यूनिवर्सिटी का 2021 का कैलेंडर जारी

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने सोमवार को साल 2021 के लिए यूनिवर्सिटी का कैलेंडर जारी किया। डिजिटइजेशन को प्रोत्साहित करने के लिए इस बार यूनिवर्सिटी ने सीमित संख्या में कैलेंडर प्रकाशन का निर्णय लिया है। कुलपति दिनेश कुमार के अनुसार इस बार यूनिवर्सिटी कैलेंडर में भारतीय उपमहाद्वीप में आधुनिक विज्ञान के जनक माने जाने वाले जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा को प्रमुख स्थान दिया गया है। जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा को विज्ञान के लिए उनके योगदान के शिलालेख के साथ यूनिवर्सिटी में कुलपति सचिवालय के सामने स्थापित किया गया है। इस अवसर पर दिनेश कुमार ने साल 2020 की समाप्ति व नए साल के उपलक्ष्य में यूनिवर्सिटी के छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं।

**NEWS CLIPPING: 29.12.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# पुस्तक का विमोचन

एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने स्टार्ट-अप फॉर न्यू इंडिया नामक एक पुस्तक का विमोचन किया। इसे स्टार्ट-अप पर शोध कर रहे शोधार्थी मोहन कुमार द्वारा लिखा गया है। कुल 82 पृष्ठों की पुस्तक में प्रौद्योगिकी पर आधारित 10 स्टार्ट-अप के बारे में जानकारी दी गई है। पुस्तक लिखने के लिए मोहन कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि स्टार्ट-अप इंडिया भारत सरकार की प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इसका उद्देश्य युवाओं में उद्यमशीलता की भावना पैदा करना व एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है जो युवाओं को उद्यमशील बनने के लिए तैयार करे। इस मौके पर मोहन कुमार, यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट व कॉर्पोरेट मामलों के डीन प्रफेसर विक्रम सिंह, इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड के महाप्रबंधक संजीव शर्मा, जगदीश चौधरी व राकेश त्यागी मौजूद थे।